Reg. No. :- JH-11-0004329

अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)
Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार
खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी
दिनांक 29-10- 2021 अंक 40
प्रकाशन वर्ष : 2021
बरही से प्रकाशित एवं संचालित
संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941

बरही | चौपारण | बरकट्ठा | कोडरमा | इचाक | चंदवारा | गिरिडीह | चतरा | हजारीबाग | पदमा/चलकुशा | राज्य/देश

Website- www.apemlive.com
सच का साथी
Email Id- liveapem@gmail.com

न्युज ब्रीफ

सड़क दुर्घटना में एक घायल , रेफर

अपेम लाइव : बरही

बरही प्रखंड अंतर्गत भण्डारो पंचायत के हथगड्डा निवासी मो रईस उम्र 48 वर्ष पिता अब्दुल रहीम सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए। जानकारी मिलने पर परिजनों ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

मारपीट और गाली गलौज को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज

अपेम लाइव : बरही

बरही प्रखंड़ अंतर्गत कोल्हुकला पंचायत के खुर्दजवार निवासी दीपू कुमार चन्द्रवंशी ने केदार राम पर गाली गलौज और मारपीट लेकर थाना में आवेदन दिया था। जिसमे 453/21 के तहत आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

सूचना

अपेम लाइवः बरही

बरही गया रोड में ओवर ब्रिज के बगल में स्थित बरही प्राइवेट आईटीआई में 20 नवंबर तक नामांकन जारी है। और SC\ST और OBC के बच्चों के लिए दो साल में कल्याण विभाग के द्वारा 18000 की छात्रवृति दी जाएगी। इस बात की सूचना बरही प्राइवेट आईटीआई के संचालक दीपक कुमार ने दी है।

अकेले चलने वाले लोग
घमंडी नहीं होते,
वो दरअसल हर काम में
अकेले ही काफी होते हैं।
TECHNOFRIENDAJAY.in

बरही में विहंगम योग संस्थान द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन, 22 लोगो ने किया रक्तदान

जीवन मे एक बार अवश्य करें,रक्त दान महा दान : कृष्णा कुमार गुप्ता

अपेम लाइव : बरही

OPPO A12 · ©Press : Barhi Live
2021/10/29 12:35

रक्तदान करते कृष्णा कु0 गुप्ता व अमित कु0 सिंह

रक्त-दान महा-दान
VOLUNTARY BLOOD DONOR'S ASSOCIATION
HAZARIBAG, JHARKHAND
"A New Life, A New Relation is Made Possible by Blood Donation"
OPPO A12 · ©Press : Barhi Live
2021/10/29 12:59

बरही क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को विहंगम योग संस्थान द्वारा वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन एवं हजारीबाग मेडिकल कॉलेज के सहयोग से बरही में विज्ञान देव महाराज के जन्म उत्सव पर शकुंतला पैलेस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, संस्थान के जिला संयोजक, संतोष कुमार, सहसंयोजक राजेंद्र प्रसाद, शिविर आयोजक कृष्ण कुमार गुप्ता,प्रचार प्रभारी, डॉ महेश प्रसाद, और परामर्शक राम गोविंद सिंह ,प्रखंड प्रभारी नकुल राणा, चंद्र मोहन मिश्रा, राजदेव सिंह, आदि ने संयुक्त रूप से किया। बरही में संस्थान द्वारा पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है । बरही में सर्वप्रथम सत्येंद्र सिंह, द्वारा रक्तदान किया गया, तत्पश्चात डॉ महेश प्रसाद, करण गुप्ता, अशोक पासवान, प्रदीप कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद यादव, कृष्ण कुमार गुप्ता, सुनीता देवी, रामचंद्र रविदास, प्रिंस रविशंकर प्रियदर्शी, कुणाल गुप्ता, मिनी देवी, राजू कुमार, सुबोध कुमार केशरी, राकेश कुमार केशरी, टिंकू कुमार, उपेंद्र राणा,राजकुमार राणा, अशोक कुमार सिंह , संजय कुमार सिंह, विकाश कुमार ने रक्त दान किया। आयोजक कर्ता कृष्ण कुमार गुप्ता ने बतलाया की हजारीबाग में 180 से ऊपर थैलीसेमिया पेशेंट है , उसमें से बरही के भी करीब 15 पेशेंट है, उन सब की समस्याओं को समझते हुए, बरही में विहंगम योग समाज द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है की थैलीसीमिया पीड़ित मरीजों को रक्त की कमी ना हो। आगे भी समय-समय पर रक्तदान शिविर लगाकर विहंगम योग थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को सहायता करेगा। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनेशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत आभार प्रकट किया, साथ ही आयोजकों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा इस बार जिला संयोजक संतोष कुमार और सह संयोजक राजेंद्र प्रसाद समस्त संत परिवार के अथक प्रयास से इस हफ्ते में 4 शिविर का आयोजन करा करके एक मिसाल पेश की है, जो बहुत ही सराहनीय है । जिला संयोजक संतोष कुमार ने वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन एवं हजारीबाग मेडिकल क०लेज की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा की वे हमारे रक्तदान जैसे महादान में भरपूर सहयोग दिया, विशेषकर अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा किया गया कार्य जो अविस्मरणीय है । भविष्य में भी, मैं इनसे इसी तरह की सहयोग की आशा रखूंगा। इस शिविर को सफल बनाने हजारीबाग मेडिकल क०लेज के टेक्नीशियन मुरली प्रजापति निहाल राज अजय कुमार सूरज पंडित उदित प्रजापति का विशेष योगदान रहा ।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
9550809864

बरही पश्चिमी पंचायत से मुखिया पद के लिए गोविंद ठाकुर ने पेश की दावेदारी

अपेम लाइव : बरही

गोविन्द ठाकुर

बरही पश्चिमी पंचायत से मुखिया पद के लिए गोविंद ठाकुर ने अपनी उम्मीदवारी पेश कर दी है। गोविंद ठाकुर वार्ड संख्या 09 के निर्वाचित वार्ड सदस्य है। वार्ड नौ से दो बार जनता का प्रतिनिधित्व कर चुके है। इस बार मुखिया पद के लिए अपनी दावेदारी पेश करते हुए कहा कि बरही पश्चिमी पंचायत की जनता एक बार अपना आशीर्वाद दें, सभी जाति धर्म को साथ लेकर विकास का काम करूंगा। पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने में कोई कोर कसर नही छोड़ूंगा।

दीपावली, छठ पूजा, भैया दूज एवं चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर बरही मध्य भाग के योग्य, कर्मठ एवं भावी प्रत्याशी श्रीमती बिमला देवी की ओर से बरही वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं ।

हमारा विजन
बरही मध्य भाग में
1. शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक व बिजली की व्यवस्था,
2 स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिला सशिक्तकरण पर जोर
3.किसानों के लिए सिंचाई की व्यवस्था
4.युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था,
5.पेयजल आपूर्ति के लिए नल जल की व्यवस्था
6.स्थानीय स्तर पर खेल एवं खिलाडियों को बढावा
7.लघु एवं कुटीर उद्योग का बढावा

श्रीमती बिमला देवी
जिप प्रत्याशी, बरही मध्य भाग

सेवा ही संकल्प

रामचंद्र यादव
समाजसेवी
बरही, मध्य भाग

एक बार विश्वास करें
विश्वास पर खरा उतरूंगी
प्रसारित
निवेदकः बरही मध्य भाग की जनता

दुर्गा पूजा एवं दीपावली के शुभ अवसर पर बजाज की पेशकश

DIGITAL LOAN CUM EXCHANGE MELA

THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN

खरीदें बजाज मोटरसाईकिल एवं स्क्रेच करें और पाएँ आकर्षक उपहार

Festival Dhamaka
LED TV
HELMET
IRON
स्क्रेच करें और सुनिश्चित उपहार पायें
SCRATCH HERE
FREEZE
WASHING MACHINE
Cash Discount- 300/-

BAJAJ
SHAURYA AUTOMOBILES
Barhi Chowk, Near DVC Konra, Dhanbad Road, Barhi, Hazaribag
Mob.- 7061182890, 7079856924

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोन पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंग: कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

समाजसेवी दीपक गुप्ता ने ग्रामीणों संग छठ तालाब का निरीक्षण

अपेम लाइवःचौपारण

छठ घाट का निरिक्षण करते दीपक गुप्ता व अन्य

प्रखंड चौपारण के सिंघरावां गांव में आगामी हिन्दू का महा त्यौहार छठ पूजा को देखते हुए समाजसेवी दीपक गुप्ता ने ग्रामीणों के साथ सिंघरावां छठ तालाब एंव तालाब तक जाने वाली सड़क का निरीक्षण किया। दीपक गुप्ता ने बताया कि छठ तालाब तक जाने वाली सड़क की स्थिति काफी बद्तर है। इसके साथ सफाई को लेकर भी छठ तालाब की स्थिति ठीक नही है, चारो तरफ गंदगी पसरा हुआ है। तालाब की सफाई को लेकर समाजसेवी दीपक गुप्ता ने वर्तमान जनप्रतिनिधियों से संज्ञान में लेने का आग्रह किया और कहा कि अविलंब इस सड़क और तालाब का सफाई के साथ छठ घाट तक जाने वाली सड़क को मरम्मत किया जाए। समाजसेवी सुभाष राणा ने कहा कि इस तालाब में बांध के साथ जल्द ओर भी सीढ़ी जल्द बनाने की मांग करते हुए युवाओ को श्रमदान के माध्यम से आगे आने की बात कही। मौके पर निरीक्षण के दौरान सुभाष राणा, शुभम कुमार, हरीश कुमार, हरेंद्र कुमार,पंकज कुमार, पिंटू कुमार , श्रावण कुमार, शक्ति कुमार अमित, दिलीप गुप्ता,छोटू ठाकुर, आर्यन गुप्ता, संदीप कुमार,प्रकाश कुमार सहित कई युवा उपस्थित रहे।

बरकट्ठा व गोरहर थाना में नए थाना प्रभारी ने संभाला अपना पदभार

अपेम लाइव : बरकट्ठा
सुनील कुमार

पदभार ग्रहण करते थाना प्रभारी

जिले का महत्वपूर्ण थाना बरकट्ठा थाना व गोरहर थाना में नए थाना प्रभारीओ ने योगदान दिया ज्ञात हो इसके बरकट्ठा व गोरहर थाना के थाना प्रभारी का स्थानांतरण हजारीबाग पुलिस केंद्र किया गया वही बरकट्ठा थाना में विक्रम कुमार ने राजेन्द्र कुमार महतो से प्रभार ग्रहण किया वही गोरहर थाना में राधा सिंह ने अरुण कुमार से प्रभार ग्रहण किया दूसरी ओर बरकट्ठा अंचल इंस्पेक्टर नलिन मरांडी से इंस्पेक्टर अमित कुमार लकड़ा ने प्रभार लिया इसके पूर्व इंस्पेक्टर अमित लकड़ा सदर यातायात प्रभारी थे एसआई राधा सिंह सदर थाना में कार्यरत थी,एसआई विक्रम कुमार साइबर सेल कार्यरत थे वही सभी प्रभारियों ने कहा की थाना क्षेत्र में भयमुक्त शासन व्यवस्था कायम करना व चर्चित साइबर क्राइम पर विशेष ध्यान देना है ।

दीपावली एवं छठ
पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ
जितेन्द्र कुमार दिव्य (उर्फ जीतु ठाकुर)
पंचायत समिति सदस्य
बरही पश्चमी पंचायत
बरही
निवेदक-
रिंकी देवी
पुर्व प्रत्याशी, पंचायत समिति सदस्य
बरही पश्चमी पंचायत
बरही
निवेदक-
स्व0. बलदेव ठाकुर विधार्थी
पुर्व प्रत्याशी पंचायत समिति सदस्य
बरही पश्चमी पंचायत
बरही
निवेदक-
Mbo. 9708501583

अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें
9122222016 , 9550809864 , 9431129570

बरसोत में मुखिया सीता देवी के प्रयास से 200 फिट सड़क निर्माण का कार्य शुरू

अपेम लाइव बरही
सोनु पंडित / धनंजय कुमार

सडक निर्माण करवाती मुखिया सीता देवी

बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत के साव मुहल्ला में मुखिया सीता देवी के प्रयास से सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि मोहन साव के घर से बालदेव साव के घर की ओर 200 फिट पीसीसी पथ का निर्माण किया जा रहा है। ये गली का हाल बरसात के दिनों में काफी दयनीय स्थिति हो जाती थी। लोगों का मांग पर इसे ग्राम सभा एवं कार्यकारिणी समिति से पारित करते हुए मुखिया/प्रधान सीता देवी ने काफी तन्मयता दिखाते हुए पूर्ण करवाया जा रहा हैं। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों में काफी खुशी देखी गई। प्रधान सीता देवी के हाथों पूजा अर्चना कर सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत कर इसे मूर्त रूप दिया जा रहा है। पूजा में पंचायत समिति सदस्य वन बिहारी कुमार, समाज सेवी विष्णुधारी महतो, लाभुक समिति के अध्यक्ष जिबलाल साव के साथ साथ मुहल्ला वासी मोहन साव, कृष्णा रजक, प्रकाश साव, जगेश्वर साव (भगत जी),साबिया देवी, सरस्वती देवी, बसंत साव, बिजली मिस्त्री प्रदीप कुशवाहा, उत्तम साव एवं ग्रामीण मौजूद थे।

दीपावली में जुआ खेलने और पटाखा बेचने वालों पर प्रशासन की रहेगी कड़ी नजर

अपेम लाइवः चँदवारा
धीरज कुमार

चन्दवारा थाना
(21.10.2021 से 31.10.2021)
OPPO F11 Pro

बैठक करते प्रशासनिक पदाधिकारी

आगामी दीपावली एवं छठ पूजा के मद्देनजर चंदवारा थाना परिसर में प्रखंड के दुकानदारों एवं अन्य स्थानीय लोगों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने किया। बैठक में चंदवारा के पटाखा, मिठाई, गुट्खा-तंबाकू आदि विक्रेताओं को दीपावली के दौरान कोरोना गाइडलाइन का पालन करने, राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर पटाखों की बिक्री नहीं करने, मिठाई की गुणवत्ता को ध्यान में रखने एवं गुट्खा-तंबाकू आदि की बिक्री नहीं करने के निर्देश दिए। साथ ही पटाख़ा बेचने वालों को खुले मैदान अथवा बाजार समिति प्रांगण में पटाखा बेचने एवं इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा के कार्यालय से अस्थायी लाइसेंस प्राप्त करने को कहा गया। इस दौरान छठ पर्व के लिए छठ घाटों की साफ सफाई, प्रकाश की व्यवस्था, पूजा समिति के लोगों को ससमय पूजा सम्पन्न कराने को कहा गया। थाना प्रभारी चंदवारा दुष्यंत कुमार सिंह ने दीपावली एवं छठ के दौरान शराब और जुआ खेलने वालों पर कड़ी नजर रखने की बात कही। बैठक में पुलिस उप निरीक्षक विनय कुमार, चंदन मोदी, दीपक कुमार, सुभाष मोदी, द्वारिका यादव, राजेंद्र चौधरी, छोटु साव सहित कई लोग उपस्थित थे।

ग्रामीणों को कानून का बेसिक नॉलेज रखनी चाहिएः मो0 मोअज्जम

अपेम लाइव चलकुशा
बिक्रम सिंह

लोगों को कानुनी जानकारी देते हुए

प्रखंड मुख्यालय में आजादी के अमृत उत्सव के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिविल कोर्ट हजारीबाग की ओर से चलकुशा प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी की उपस्थिति में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर डीएलएस के प्राधिकृत अधिवक्ता मो मोअज्जम पीएलभी कंचन माहतो , सुषमा कुमारी, इंदु कुमारी, तौहीद अंसारी, रामजतन प्रसाद, दीपक कुमार, छोटू राम के द्वारा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ।मो0 मोअज्जम ने कहा कि भारतीय संविधान में जनता को मौलिक अधिकार दिए गए हैं जिसकी जानकारी ग्रामीणों को होनी चाहिए कानूनी जानकारी नहीं रहने के कारण कई लोग अपराध के दलदल में फसते जाते हैं। इसलिए हर व्यक्ति को का बेसिक नॉलेज होनी चाहिए। मौके पर चलकुशा प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव सेवाटांड मुखिया प्रतिनिधि दशरथ यादव, भा. जपा मंडल उपाध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, रूपेश कुमार एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

APEM
LIVE

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ऑडियो वीडीओ प्रचार सॉंग
बनाने के लिए संपर्क करेंः
राज आर्यन उर्फ छोटी , मो0 6203686926

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ0 अनिल कुमार

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

हेंदेगढा पंचायत सभागार में महां रोजगार मेला कार्यशाला का किया गया आयोजन

ग्रामीणों की आस मनरेगा से विकास, प्रखंड विकास पदाधिकारी

अपेम लाइव : चरही
अरविन्द टुडु

बैठक मे उपस्थित अधिकारी व अन्य

हेंदेगढा पंचायत सभागार में महा रोजगार मेला कार्यशाला का आयोजन किया। जिसका अध्यक्षता पंचायत के मुखिया परमेश्वर महतो ने किया। संचालन बीएफ टी राजकुमार प्रसाद ने किया जिसका मुख्य आतिथि चुरचू प्रखंड विकास पदाधिकारी इंदर कुमार विशिष्ट अतिथि बीपीओ प्रनो सिन्हा उपस्थित हुए पंचायत सभागार में उप. स्थित लोगों को प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सम्बोधित करते हुए विस्तार से मनरेगा योजनाओं के विशय में बतलाए और प्रधानमंत्री आवास योजना से कुछ बतो को बताए प्रखंड के हेंदेगढा पंचायत अच्छा कार्य को सराहनीय बतलाए हुए कहा कि हेंदेगढा पंचायत के लोगों मनरेगा से सम्बंधित कार्य के लिए मैं हमेशा तत्परय रहूंगा प्रधानमंत्री आवास योजना अवास में लाभुकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हेंदेगढा पंचायत में 87 अवास का रूपये छोडा गया है जिसको दो से ढाई महिने में पुर्न कर गृह प्रवेश करने का बात कहा है। इस क्रम में उपस्थित उप मुखिया टेकलाल महतो, वार्ड सदस्य साजदा खातुन, अशोक तुरी, बिरजू सिंह, सोनिया देवी, मग्न लाल महतो, सरीता देवी,जय कुमार महतो, भुवनेश्वर तुरी, दशरथ महतो, समाजसेवी बिशनू महतो, धनराज महतो, अमजद अंसारी, तपेश्वर महतो, अतवरया देवी, लोकनाथ महतो, महाबीर महतो, निर्मल महतो सहित सैंकड़ों ग्रामीण महिलाओं व पुरुष ने उपस्थित हुए।

5 लाख की लागत राशि से बनने वाली पीसीसी सड़क का मुखिया व पंचायत समिति सदस्य ने किया शिलान्यास

अपेम लाइवः बरही

सडक का शिलान्यास करते मुखिया व पंसस

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के विजैया गाँव में लालो महतो के घर से श्मसान घाट तक 500 फीट पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया गया। इसमें 250 फीट 15 वीं वित्त मुखिया के द्वारा एवं 250 फिट पंचायत समिति सदस्या वेवी देवी के द्वारा किया गया। बताया गया कि पंचायत समिति की यह पहली योजना है। बताया गया कि यह योजना कुल पांच लाख रुपए की प्राक्कलित राशि की है। इस कार्य क्रम में जिप प्रतिनिधि मो0 कैयूम मुखिया दसरथ यादव ,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि देवलाल कुशवाहा, उप मुखिया सहदेव शर्मा, रघु मोदी, तिरलोक प्रसाद, विकाश कुमार, सुरेश, महेश दास, वार्ड सदस्य चंद्रिका प्रसाद, उमेश प्रसाद, सीता राम प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, केदार यादव, मेगुलाल प्रसाद, रविन्द्र वर्मा, सुनील कुशवाहा, सुरेंद्र कुमार, विरेंद्र प्रसाद, किशोर प्रसाद, लोकेश प्रसाद, मो0 सलामत, चन्द्रिका रविदास आदि मौजूद रहे।

बटबिगहा में फसल प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

अपेम लाइवः चौपारण

स्वागतम्
जे के 2609 शंकर धान
JK SEEDS

फसल प्रदशनी मे उपस्थित पदाधिकारीगण

चौपारण प्रखंड अंतर्गत बतबीघा में जे के एग्री जेनेटिक्स लिमिटेड के द्वारा गोविंदपुर पंचायत के भटबिगहा गांव में फसल प्रदर्शन दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कंपनी के संजीव कुमार पी डी ए कैंपेन मै. नेजर एवं प्रभाकर चौधरी रिजनल मैनेजर, भूतपूर्व जिला परिषद् प्रतिनिधि भुनेश्वर यादव एवं गोविंदपुर पंचायत मुखिया दिनेश यादव उपस्थित हुए। साथ ही साथ उपस्थित लोग उन्नत खेती के बारे में बताया। फसल जे के 2609 पर किसान गोष्ठी की गई जिसमें लगभग 800 किसानों ने भाग लिया, जे के 2609 को उपस्थित किसानों ने पसंद किया ,साथ ही सभी किसानों ने अगले वर्ष धान लगाने का वादा भी किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाग लेने व्यवस्थापक टी एम संजीव, कुमार सिन्हा, बजरंग सिंह, एम वी ओ रंजीत कुमार, सोनू कुमार, कृष्णा कुमार कुशवाहा एवं रिजवान अली मुख्य रूप से उपस्थित थे।

जीप प्रत्याशी किशुन यादव ने अपने क्षेत्र के कई गाँवों का किया दौरा

अपेम लाइवः बरही

जनसंपर्क अभियान चलाते किशुन यादव

बरही पूर्वी के जीप प्रत्याशी किशुन यादव ने शुक्रवार को अपने क्षेत्र के कई गाँवों का दौरा किया। जिसमे गुडियोविजैया पंचायत के कई गाँव में जनसंपर्क अभियान चलाए और लोगो से मिलकर लोगो की समस्या सुनी। साथ ही जीप प्रत्याशी किशुन यादव ने कहा कि आज तक हमारे क्षेत्र के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, किसी प्रकार की कोई सुविधा आज तक नही मिली है। वहीं उपस्थित लोगों ने जीप प्रत्याशी किशुन यादव आश्वाशन दिया कि हम सब आपके साथ है।

आज का पंचाड्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---30.10.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलरू
ऋतुः---शरद
माहः---कार्तिक
पक्षः- कृष्ण पक्ष
तिथिः---नवमी तिथि दिन 09:55 तक उपरांत दशमी तिथि
दिनः---शनिवार
नक्षत्रः---अश्लेषा नक्षत्र दिन 09:24 तक उपरांत मघा नक्षत्र
योगः---शुक्ल
करणः---गर
सूर्योदयः---प्रातः 06:26
सूर्यास्त : संध्या 05:34
सूर्य :---तुला राशि में
चंद्रमा :---कर्क राशि में दिन 09:24 तक उपरांत सिंह राशि में
आज का राहूकाल दिनः---09:00 बजे से दिनरू---10:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक

(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज पीपल वृक्ष में जल देने से शानिजन पीड़ा से राहत मिलता है।

आलेखः-
संदीप शर्मा
वास्तु,कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर
इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660


A UNITE OF APEM TRUST
PRESENTS
RAJ ARYAN
DANCE ACADEMY
FITNESS | BOLLYWOOD | FREESTYLE | HIP-HOP DANCE
MUSIC & SINGING ETC...
ADDRESS - DR.ANIL KUMAR NURSING HOME
BESIDE 2ND FLOOR NEW COLONY BARHI JH.
FOR ENQUIRIES - 6203686926, 9304294424

विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर
प्रो0 - विकम कुमार
हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।
पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851
THE MECHANICS
TVS
Hero
BAJAJ
HONDA
YAMAHA
SUZUKI
Lifalong
ROYAL ENFIELD
PIAGGIO
Mahindra 2 Wheelers

अपेम लाईव न्युज मे विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
9550809864, 9122222016

अपेम लाइव न्यूज
संध्या दैनिक अखबार के लिए प्रखंड स्तर पर संवाद सूत्र (पत्रकार) की जरूरत

यदि आपमें अपने समाज के दबे कुचले, अभिवंचित वर्ग के लिए कुछ करने की जूनून है, यदि आप भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना चाहते हैं। यदि आप निःस्वार्थ भाव से पत्रकारिता करने को इच्छुक हों तो आप अपेम लाइव न्यूज संध्या दैनिक अखबार से जुड सकते हैं।

जिला : हजारीबाग
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- ईचाक, चरही, बडकागांव, कटकमसांडी, हजारीबाग सदर, कट. कमदाग, पदमा, दारू, विजैया, चलकुसा

जिला : चतरा
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- ईटखोरी, टंडवा, चतरा सदर, कन्हाचट्टी, प्रतापपुर, सिमरिया, मयूरहंड, हंटरगंज, लावालौंग,गिद्धौर,

जिला : कोडरमा
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- कोडरमा सदर, जयनगर, मरकच्चों, डोमचांच, सतगांवा

योग्यताः स्नातक , स्मार्ट मोबाइल हो, कंप्यूटर की जानकारी हो

संपर्क सूत्रः 9550809864, 9431129570, 9934337941
Email: liveapem@gmail.com (for Resume)

दिनांकः 29-10- 2021

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

सोना–सोबरन योजना के तहत चांद ग्रुप महिला मंडल ने किया धोती और साड़ी का वितरण

अपेम लाइव : चरही
अरविन्द टुडु

2021.10.29 10:58

साडी, धोती/लुंगी का वितरण करते हुए

इंद्रा पंचायत अंतर्गत पीडीएस दुकानदार चांद ग्रुप महिला मंडल द्वारा दिनाँक 29 अक्टूबर यानी शुक्रवार को झारखंड सरकार के महत्वकांक्षी योजना सोना–सोबरन के अंतर्गत राशनकार्ड धारकों के बीच साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण किया गया। इस दौरान इंद्रा मुखिया दसरथ महतो ने लाभुकों के बीच इन चीज़ों का वितरण किया। लाभ मिलने के बाद लोगो ने हेमंत सरकार का आभार व्यक्त करते हुए इस योजना को मिल का पत्थर बताया। वही चांद ग्रुप महिला मंडल अध्यक्ष साहिना खातून ने कहा कि इस योजना को लेकर लोग काफी खुश है। और क्यों न हो गरीब परिवार पैसों की वजह से कपड़े खरीद नही पाते। वो एक जोड़ी कपड़े में ही पूरा साल गुजार देते थे, परंतु अब उनको माननीय मुख्यमंत्री महोदय हेमंत सोरेन जी के वजह से साल में दो बार धोती, साड़ी मिलेगी। इसके अलावा कोषाध्यक्ष जैबुन निशा ने कहा कि इस योजना से गरीब, पिछड़े और वंचित लोगो का मान–सम्मान बढ़ेगा। इस अवसर पर मुख रूप से इंद्रा मुखिया दसरथ महतो, वार्ड सदस्य सलाउद्दीन अंसारी, चांद ग्रुप महिला मंडल की अध्यक्ष साहिना खातून, सचिव रिजवाना खातून, कोषाध्यक्ष जैबुन निशा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत चुनाव
पंचायत समिति सदस्य पद के
सुयोग्य, कर्मठ, युवा समाजसेवी,
सभी समुदायों के लोकप्रिय
एवं कर्तव्यनिष्ठ उम्मीदवार
कपिल केशरी

APEM LIVE

खोड़ाहर पंचायत में अब दिखेगा परिवर्तन
सबका साथ सबका विकास
अब होगा विकास आने वाली हैं शिक्षित, युवा एवं कर्मठ उम्मीदवार
शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि एवं महिला सशक्तिकरण हमारी प्राथमिकता
सोनी कुमारी
भावी मुखिया प्रत्याशी
(खोड़ाहर पंचायत)
छोटेलाल यादव
समाजसेवी
(खोड़ाहर पंचायत)
आप हमें समर्थन दीजिए
हम आपको परिवर्तन देंगे
निवेदक
रोहित कुमार यादव
(मुखिया प्रत्याशी प्रतिनिधि)
खोड़ाहर पंचायत
प्रसारित
APEM LIVE NEWS
सच का साथी

कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,

सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी,
कोनरा पंचायत

आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।

निवेदिका :- कैशर प्रवीण

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार
सहयोगीः सोनू पंडित,
एडिटिंग- धनंजय कुमार
मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

चौपारण जिला परिषद भाग 2 के योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबों का मसीहा, भावी उम्मीदवार **मनोज कुमार सिंह** । जानिए इनके बारें में.

मनोज कुमार सिंह, जिप प्रत्यशी, चौपारण भाग 2

पारिवारिक पृष्ठभूमि

नामः मनोज कुमार सिंह
पिताः स्व रामलखन सिंह
निवास स्थानः कुतलू
पंचायतः जगदीशपुर
जिला परिषद क्षेत्रः चौपारण भाग 2
पेशाः व्यवसाय एवं समाजसेवा

राजनीतिक व समाजिक पृष्ठभूमि

राजनीतिक

1. भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य,
2. भाजपा झारखंड सेल अध्यक्ष, मुंबई,

सामाजिक

1. झारखंडवासी महाराष्ट्र युवा मंच कोर कमेटी अध्यक्ष

हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1.चौपारण के प्रवासी मजदूरों के लिए चौपारण क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्थ करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. चौपारण में स्नातक स्तर का कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना ।
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं चौपारण में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना ।
9. किसानों के खेतो तक सिंचाई के लिए लिफ्ट इरिगेशन की व्यवस्था करना ।
10.कुंभकार भाईयों सहित सभी तमरह के कारीगरों को प्रशिक्षण की व्यवस्था कर स्वरोजगार से जोडना ।

चौपारण भाग 2 के भावी उम्मीदवार **मनोज कुमार सिंह** के द्वारा किए गए कार्यों की कुछ झलकियां, जनता का समर्थन, अर्शीवाद से बदलेगा **चौपारण** की तस्वीर ..

बच्चो एवं महिलाओं के बीच छतरी का वितरण करते मनोज कु सिंह

प्रवासी मजदूर का शव का भिजवाते मनोज कुमार सिंह

बच्चों के बीच पुस्तक वितरण करते मनोज कुमार सिंह

खिलाडियों को सम्मानित करते मनोज कुमार सिंह

ईद मिलादून्नबी की मुबारक बाद देते मनोज कुमार सिंह

ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते मनोज कुमार सिंह

महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते मनोज कु सिंह

सहयोगियों के साथ स्वरोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह

युवाओं के साथ रोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह

अपनी विचार व्यक्त करते मनोज कुमार सिंह

ट्रॉफी देते मनोज कुमार सिंह

कृषि चौपाल लगाते मनोज कुमार सिंह

निवेदकः प्रमोद सिंह, समाजसेवी, चौपारण जिला परिषद भाग 2

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

डांस कंपटीशन के ग्रुप डांस में सेकंड स्थान प्राप्त करने वाले ग्रुप को विद्यालय ने लिया नामांकन

शिक्षा का अलख जगाना ही बीएम मेमोरियल स्कूल का उद्देश्य : प्राचार्य

अपेम लाइव : बड़कागांव

अमित मालाकार

B.M MEMORIAL SCHOOL
HAZARIBAG
Shot on OnePlus
By Pintu Kushwaha

बच्चों को पुरस्कृत करते

प्रखंड के डेली मार्केट स्थित अश्वनी दुर्गा पूजा समिति के द्वारा महा नवरात्रि पर्व में बच्चों के लिए डांस कंपटीशन करवाया गया था। जिसमें सिंगल, डबल व ग्रुप डांस था। कंपटीशन से पूर्व में ही बीएम मे. मोरियल स्कूल के निदेशक संदीप कुशवाहा ने घोषणा किया था कि तीनों संकाय में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को फ्री में एडमिशन साथ ही साथ 10जी क्लास तक फ्री में पढ़ाई कराया जाएगा।इसी को लेकर ग्रुप डांस में सेकंड स्थान प्राप्त करने वाले साक्षी कुमारी संध्या कुमारी और स्मृति रानी का एडमिशन बच्चों की माता राजवंती देवी और पूनम कुमारी और बीएम मेमोरियल स्कूल उप. निदेशक पिंटू कुशवाहा व प्राचार्य कैलाश कुमार की उपस्थिति में फ्री में नामांकन लिया गया। जिसमें 2 बच्चे को क्लास वन और एक बच्चे को यूकेजी में नामांकन किया गया। करता है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि बीएम मेमोरियल स्कूल का एक ही उद्देश्य है कि बड़कागांव के सभी गरीब असहाय बच्चों को बेहतर शिक्षा देना। आगे उन्होंने बताया कि सभी प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले सभी बच्चों को कक्षा 10 तक की सीबीएसई की पढ़ाई बिल्कुल मुफ्त कराएंगे। अभी और भी बच्चों का नामांकन लिया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय परिवार का एक ही उद्देश्य है बड़कागांव में शिक्षा का दीप जलाना। मौके पर मुख्य रूप उप. निदेशक पिंटू कुशवाहा, प्राचार्य कैलाश कुमार ,उप प्राचार्य पूनम कुमारी, शिक्षा विभाग के चेयरमैन रंजीत कुमार, शिक्षक शिक्षिकाओं में विनोद नायक, आमीन अंसारी, संदीप शर्मा, अनु कुमारी रश्मि बेदीया, एरिका टोपो, अंजू कुमारी, सोनू कुमार, मुकेश कुमार, आंचल कुमारी,विकास कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

विशेश्वरनाथ चौबे के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने की एसडीपीओ से शिष्टाचार मुलाक़ात, समस्याओं पर चर्चा

अपेम लाइव : बड़कागांव

अमित मालाकार

एसडीपीओ से मुलाकात करते कांग्रेस कार्यकर्ता

बड़कागांव प्रखंड के कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने शुक्रवार को बड़कागांव के नए एसडीपीओ अमित कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर कांग्रेसियों ने सामूहिक रूप से नए एसडीपीओ को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र की समस्याओं से एसडीपीओ को अवगत कराते हुए समस्याओं पर अंकुश लगाने में सहयोग देने की बात कहि गई वही श्री सिंह ने आश्वासन दिया कि अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के साथ कड़ाई से निपटा जाएगा। किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने सहित क्षेत्र की कानून व्यवस्था दुरुस्त करना उनकी प्राथमिकता है। प्रतिनिधिमंडल में प्रखण्ड अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे, विधायक प्रतिनिधि संजय महतो, पंचायत अध्यक्ष पदुम साव, पंकज कुमार, मो शमीम, मज़कूर आलम, जमाल सगीर, रफुल मियां, मो तस्लीम, उपस्थित थे।

भाजपाइयों ने झारखंड के राज्यपाल महामहिम रमेश बैस से की मुलाकात समस्याओं को रखा

अपेम लाइव : बड़कागांव

अमित मालाकार

राजपाल से मुलाकात करते भाजपाई

पूर्व जिला अध्यक्ष टुनू गोप, पूर्व जिला उपाध्यक्ष व अधिवक्ता राणा राहुल प्रताप और पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ जुगनू सिंह ने राजपाल के साथ मुलाकात कर समस्याओं पर चर्चा किया। जिनमें चतरा और कोडरमा के कौलेज मे विभिन्न विषय में नियमित शिक्षक नही होने पर स्थानांतरण कर भरा जाए, विश्वविद्यालय कर्मी को नियम के अनुसार समय पर स्तांतरण किया जाए, स्ववित्त पोषित विभाग की नियम बनाने को लेकर, नियमित कर्मचारियों की विधि सम्मत पीएफ खाता खोलने और विश्वविद्यालय भी अपना अंशदान देने के संबंध ऑनलाइन माध्यम से फ०र्म भरने पर छात्रों को अतिरिक्त शुल्क का बोझ विश्वविद्यालय द्वारा वहन करने तथा झारखंड के सभी विश्वविद्यालय में विधि से जुड़ा हुआ एक व्यक्ति को सिंडिकेट के रूप में लिया जाए के संदर्भ में तथा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा ।

एनटीपीसी पकरी बरवाडीह परियोजना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

अपेम लाइव : बड़कागांव

अमित मालाकार

सतर्कता जागरूकता सप्ताह मे मौजुद लोग

पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए परियोजना के कार्यकारी निदेशक एम वी आर रेड्डी ने सभी कर्मचारियों को सतर्कता शपथ दिलाई। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपने निजी जीवन में भी ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता को अपनाते हुए बिना किसी दबाव के काम करने का आग्रह किया। सतर्कता विभाग के अपर महाप्रबंधक हिमांशु कर्मकार के निर्देशन में इस सप्ताह के दौरान परियोजना के कर्मचारियों परिवार के सदस्यों आसपास के स्कूल के विद्यार्थियों में ईमानदारी और पारदर्शिता की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सफल प्रतिभागियों को परियोजना प्रमुख द्वारा सम्मानित किया जाएगा। वहीं एनटीपीसी पकरी बरवाडीह परियोजना के जागृति महिला संघ के प्रयासों से सैनफोर्ड अस्पताल रांची एवं परियोजना के चिकित्सा विभाग की टीम के साथ मिलकर अ०स्टोंपोरोसिस एवं महिलाओं की शारीरिक समस्याओं की जांच हेतु मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए जागृति महिला संघ की अध्यक्षा पद्मावती मुथ्याला, केरेडारी परियोजना के संस्कृति महिला समिति की अध्यक्षा अंजू सिन्हा, महिला संघ की सभी सदस्याएं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के. प्रधान एवं सैनफोर्ड अस्पताल के अस्थि विशेषज्ञ डॉक्टर रोहित पाल, गायनोकोलॉजिस्ट डा अनीता ग्लोरी एक्का ने इस अवसर पर उपस्थित होकर अपनी सेवाएं दी। ड०क्टरों की टीम द्वारा कर्मचारियों, परिवार के सदस्यों एवं परियोजना के आसपास रहने वाले 40 साल से अधिक उम्र के मरीजों का परीक्षण करके मुफ्त दवाई एवं जांच की गई। अध्यक्षा पद्मावती मुथ्याला ने शिविर में परीक्षण हेतु आई महिलाओं से शारीरिक परिश्रम एवं हड्डियों की मजबूती के लिए विशेष ध्यान एवं पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। ड०क्टर पाल ने भी 40 साल के बाद शरीर में होने वाले परिवर्तनों और रोगों से लड़ने के उपायों पर अपना परामर्श दिया।

एनटीपीसी आईटीआई में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

अपेम लाइव : बड़कागांव

अमित मालाकार

प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी

एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना पकरी बरवाडीह के तत्वधान से एनटीपीसी आईटीआई कॉलेज में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मनाया जा रहा हैस जिसके अंतर्गत बड़कागांव क्षेत्र के विभिन्न स्कूल, क०लेज एवं आईटीआई संस्थानों के बीच सतर्कता जागरूकता के संदर्भ में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन एनटीपीसी द्वारा औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान ढेंगा में किया गयास निबंध प्रतियोगिता में काफी उतसुकता दिखाते हुए कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय बड़कागांव की छात्रा , जीडीएम बालिका विद्यालय बड़कागांव, बड़कागांव हाई स्कूल, करणपुरा क०लेज बड़कागांव, एवं एनटीपीसी आईटीआई प्रशिक्षुओं ने मुख्य रूप से भाग लियास एनटीपीसी आईटीआई के अधीक्षक श्री मिथिलेश उपाध्याय ने निबंध प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले छात्रों को सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के आजादी के अमृत उत्सव के बारे में जानकारी दी एवं साथी–साथ केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा इस वर्ष के थीम(सार्वजनिक हित प्रकटीकरण और सूचना प्रदाता संरक्षण संकल्प 2004 की जानकारी दी और सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई)स कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जीडीएम स्कूल बड़कागांव की प्राचार्य श्रीमती मालती मैडम, शिक्षिका श्रीमती उर्मिला मैडम, करणपुरा महाविद्यालय के प्राचार्य श्री लाल देव, महतो कस्तूरबा गांधी विद्यालय की शिक्षिका विनीता मैडम एवं आ. ईटीआई क०लेज के अनुदेशक मुकेश ,श्रीनाथ ,अमरेश विद्यार्थी, विकास चौरसिया, प्रदीप गुप्ता ,संजीत मेहता, शाहिद अख्तर इरफान अंसारी सुनील सिंह उपस्थित थेस वही कार्यक्रम का संचालन एनटीपीसी आईटीआई के अनुदेशक श्री प्रदीप कुमार ने कियास निबंध का विषय– स्वतंत्रता /75 सत्य निष्ठा से आत्मनिर्भरता था।

एनटीपीसी द्वारा हड्डियों की जांच एवं महिलाओं की जांच शिविर का आयोजन

अपेम लाइव : बड़कागांव

अमित मालाकार

OSTEOPOROSIS DETECTION & WOMEN'S WELL
Smt. Padmavati Muthyala

चिकित्सा शिविर में शामिल लोग

एनटीपीसी पकरी बरवाडीह परियोजना के जागृति महिला संघ के प्रयासों से सैनफोर्ड अस्पताल रांची एवं परियोजना के चिकित्सा विभाग की टीम के साथ मिलकर अ०स्टोंपोरोसिस एवं महिलाओं की शारीरिक समस्याओं की जांच हेतु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए जागृति महिला संघ की अध्यक्षा पद्मावती मुथ्याला, केरेडारी परियोजना के संस्कृति महिला समिति की अध्यक्षा अंजू सिन्हा, महिला संघ की सभी सदस्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ड०क्टर के.पधान एवं सैनफोर्ड अस्पताल के अस्थि विशेषज्ञ डाक्टर रोहित पाल, गायनोकोलॉजिस्ट डॉ अनीता ग्लोरी एक्का ने इस अवसर पर उपस्थित होकर अपनी सेवाएं दी। ड०क्टरों की टीम द्वारा कर्मचारियों, परिवार के सदस्यों एवं परियोजना के आसपास रहने वाले 40 साल से अधिक उम्र के मरीजों की जांच कर दवाइयां दी गई। अध्यक्षा पद्मावती मुथ्याला ने शिविर में परीक्षण हेतु आई महिलाओं से शारीरिक परिश्रम एवं हड्डियों की मजबूती के लिए विशेष ध्यान एवं पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। ड०क्टर पाल ने भी 40 साल के बाद शरीर में होने वाले परिवर्तनों और रोगों से लड़ने के उपायों पर अपना परामर्श दिया।

APEM
LIVE

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

स्वयंसेवी संस्था हेल्पिंग ह्यूमन की शिकायत पर हुई जांच

बस किराए के आरोपों को डीटीओ ने किया खारिज

अपेम लाइव : विष्णुगढ़
मिथिलेश गोल्डी

आरोपों की जांच करते डीटीओ विजय प्रसाद

विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों से बस किराए में आर्थिक शोषण करने तथा स्कूल परिसर के बाहर सड़क पर रोड सेफ्टी से संबंधित मानक का उल्लंघन करने का आरोप स्वयंसेवी संस्था हेल्पिंग ह्यूमन द्वारा लगाया गया था। आरोप करीब दो साल पुराना है। संस्था ने इससे संबंधित आरोप पत्र गाजियाबाद के एक अदालत में दाखिल की थी। अदालत ने इस पर संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कराने का आदेश दिया। जिसके तहत शुक्रवार को डीटीओ विजय प्रसाद ने विद्यालय पहुंचकर जांच पड़ताल की। डीटीओ ने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक समेत विद्यार्थियों से आरोपों से संबंधित पूछताछ की। विद्यालय प्रबंधन ने डीटीओ को बताया कि अब तक सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में बस उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसके अलावा विद्यालय में बच्चों को लाने या ले जाने के लिए किसी निजी बस या अन्य वाहन का उपयोग भी नहीं किया जाता है। शिकायतकर्ता का आरोप निराधार है। डीटीओ ने कई बच्चों से भी इस बाबत पूछताछ की। सभी ने इसे बेबुनियाद बताया। दूसरे आरोप में कहा गया था कि विद्यालय एनएच पर स्थित है। वह भी जांच में गलत निकला। रोड सेफ्टी से संबंधित मानक उल्लंघन का मामला सत्य पाया गया। जिसे एक सप्ताह के भीतर पूरा करने का आश्वासन दिया गया। शिकायतकर्ता आमिर नदीम अंसारी के उपस्थित नहीं रहने पर डीटीओ ने उनसे फोन पर बातचीत कर जांच से संतुष्ट कराया। जांच टीम में रोड सेफ्टी मैनेजर संतोष कुमार, रोड इंजीनियर सारिक इकबाल, प्रधान सहायक विपिन कुमार सिंह, अमन कुमार, जीवन प्रकाश आदि शामिल थे।

अमर आनंद फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना सिमराडीह

प्रखण्ड में पहली बार रात्रि फुटबॉल खेल देखने को उमडा भीड़

अपेम लाइव : कान्हाचट्टी

रात्रि फुटबॉल मैच में उपस्थित लोग

कान्हाचट्टी प्रखण्ड के राम नगर उच्च विद्यालय स्टेडियम में अमर आनंद फुटब०ल प्रतियोगिता का समापन्न गुरुवार की रात्रि सम्पन्न हुआ।प्रतियोगिता का विजेता सिमराडीह एवं उपविजेता इटखोरी की टीम रही।सिमरा डीह की टीम और इटखोरी के बीच दूधिया रोशनी के लाइट में जब शुरू हुआ तो दर्शक जो खेल से अधिक लगाव रखते हैं वे रात भर मैच का लुफ्त उठाते रहे।फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि सेवा निर्वित शिक्षक सरयू प्रसाद सिंह ने विजेता और उप विजेता तथा तीसरे नम्बर पर रहे मयूरहण्ड टीम को प्रथम को एकतिस हजार, द्वितीय को इक्कीस हजार एवं तीसरे स्थान पर रहे टीम को ग्यारह हजार रुपये नगद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक दोनो का विकास होता है। उन्होंने कहा कि यह खेल जिन्होंने कहा कराया वो सौरभ सिंह काबिले तारीफ है।जिसने क्षेत्र के खिलाड़ियों के मानसिक और बौद्धिक क्षमता बढ़ाने को लेकर यह मैच अपने भाई के अमर आनंद के जन्म दिन पर कराया ।वही सौरभ सिंह ने कहा कि मैं क्षेत्र के खिलाड़ियों के भविष्य को ध्यान में रखकर प्रत्येक वर्ष रात्रि फुटब०ल प्रतियोगिता करवाऊंगा।कार्यक्रम को सफल बनाने में कान्हा कला के महाराणा प्रताप क्लब के युवाओं ने लगातार दस दिनों तक मेहनत किया।मौके पर राजेश्वर सिंह, राहुल सिंह. विजय सिंह,रामखेलावन सिंह,सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

बड़कागांव बस स्टैंड के पास शौचालय रहते हुए भी लोग हो रहें है परेशान

सार्वजनिक शौचालय जल्द चालू हो : शाहिद उर्फ सोनू

अपेम लाइव : बड़कागांव
अमित मालाकार

सामुदायिक स्वच्छता परिसर.बड़कागाँव
जीर्णोद्धा
सौजन्य एनटीपी
पकरी बरवाडीह कोयला
बड़कागांव सामुदायिक स्वच्छता परिसर

बड़कागांव भाया हजारीबाग बस स्टैंड के पास शौचालय रहते हुए भी राहगीरों को हो रही परेशानी को देखते हुए युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू ने दुख व्यक्त किया है। इस दौरान उन्होंने बताया कि बड़कागांव बस स्टैंड के नजदीक पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा के सौजन्य से शौचालय का निर्माण किया गया था। उसके बाद उपयोग में कुछ दिन आने के बाद हीं शौचालय का पुनः कायाकल्प एनटीपीसी के द्वारा कराया गया है। शौचालय बनकर तैयार होने के बावजूद भी गेट पर ताला लटका रहता है। इससे बाहरी यात्रियों व खासकर महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू के अलावा कई बुद्धिजीवी और समाजसेवियों ने एनटीपीसी से जल्द से जल्द शौचालय को चालू करने की मांग की है। इसके अलावा धनेश्वर तुरी शौचालय में कार्यरत थे वह इन दिनों भी निस्वार्थ सेवा दे रहे हैं। इसके अलावा बड़कागांव दैनिक बाजार में सार्वजनिक शौचालय की अत्यंत आवश्यकता है।

पत्थरचुंआ वन रक्षाबंधन की 18वीं वर्षगांठ पर वृक्षों का पूजन

अपेम लाइव : विष्णुगढ़
मिथिलेश गोल्डी

विष्णुगढ़ के पत्थरचुआं वन में वृक्षों में रक्षासूत्र बांधते ग्रामीण एवं गणमान्य

वन एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रखंड के भेलवारा स्थित जमुनियां नदी के उद्गमस्थल पटथरचुंआ वन का 18वीं वर्षगांठ पर वन रक्षाबंधन समेत वृक्षों का पूजन अर्चन किया गया। अहले सुबह बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण पर्यावरण से संबंधित जागरूकता संदेश प्रसारित करते संरक्षित वन परिसर पहुंचे और वनदेवी की विधिवत पूजा अर्चना की गई। इसके उपरांत वन के कई वृक्षों पर रक्षासूत्र बांधकर इसकी रक्षा का संकल्प लिया गया। वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष दुष्यंत कुमार मेहता ने बताया कि 18 वर्ष पहले जंगल में लकड़ी की अवैध कटाई की रोकथाम को लेकर रक्षाबंधन कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। ग्रामीणों का यह प्रयास रंग लाया और अब यह वन हरा भरा एवं संरक्षित है। वन में कई सारे औषधिय पौधों की भरमार है। इसके अलावा कई रोगों को दूर करने के लिए जड़ी बूटी भी उपलब्ध हैं। कहा कि वन की कटाई रूकने से और भी कई तरह के लाभ हुए हैं। वन में कई वन्य प्राणियों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। बताया कि जंगल में हिरण, मोर, तीतर, जंगली मुर्गा समेत कई तरह के पशु पक्षियों की भरमार है। वन विभाग द्वारा भी इसे विकसित करने के लिए काफी सहयोग कर रही है। ग्रामीणों का प्रयास भी सराहनीय है। रक्षाबंधन कार्यक्रम में कार्यकारी जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल, चंद्रनाथ भाई पटेल, दुष्यंत कुमार मेहता, नकुल प्रसाद, रामकिशोर महतो, तुलसी महतो, गंगाधर महतो, नीलकंठ महतो, मंगर महतो, सिकन्दर कुमार, संतोष कुमार, खुबलाल महतो, सुशील महतो, वनरक्षी संजीत कुमार दास, शंकर कुमार, चंदन कुमार, गिरधारी महतो समेत कई महिला पुरुष मौजूद थे।

Mahindra
INSURANCE BROKERS
(Mahindra Group Company)
SAJHEDAARI
vikas mein bhagedari
Point of Sales Person (POSP)
POSP Code: P0007934
Mr. Krishna Prajapati
यहाँ पर सभी गाड़ियो का
Motor Insurance Two Wheelers,
Private Car, Commercial Vehicles
(Auto Rickshaw, Truck, Bus, Tractor)
किया जाता है।
LIC Micro Insurance
&
Health Insurance Available
Add: AT- NEW RAILWAY COLONY GAYA ROAD
BARHI 825405
MO:- 7004315535,9122983300
Our Partners
ICICI Lombard General Insurance
TATA AIG Insurance
Liberty General Insurance
HDFC ERGO
Future Generali Total Insurance Solutions
digit
care Health Insurance Health ki Guarantee
Royal Sundaram General Insurance
Oriental insurance
New India Assurance
Chola MS General Insurance
सुविधा उपलब्धः–NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy

8809224003
Keshri Electronic
Patna Road, Barhi
Email ID :- kp_keshri@yahoo.co.in
PAN No. :- BRRPA7461G
Owner - Priyanka
बरही में पहली बार
मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स
सामानों एवं फर्नीचर
पर फाइनांस की सुविधा।
*0% ब्याज
EMI
BAJAJ FINSERV

DIVINE LIGHT ACADEMY
Come with dream and leave with success
A premier coaching institute for....
COURSE:-
CLASS:- 6TH-12TH(CBSE)
ABACUS BRAIN BOOSTER
SAINIK ,NAVODYA ENTRANCE
KI BHI TAIYARI HOTI HAI
EXPERIENCED FACULTY FROM RANCHI & PATNA
ADD:-NEAR BY OLD DURGA TEMPLE LANDMARK:-BAKRI BAZAR
PH:7667734065,8877780099 Director:-Sudhir Thakur